कोटद्वार, शनिवार
20 जुलाई 2024
वर्ष: 46
अंक: 86 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मुख्यमंत्री धामी आज केदारनाथ धाम भ्रमण पर

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रुष्कर सिंह धामी शनिवार (20 जुलाई, 2024) को एक दिवसीय केदारनाथ धाम भ्रमण पर रहेंगे। जिला कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रुष्कर सिंह धामी शनिवार (20 जुलाई, 2024) को एक दिवसीय केदारनाथ धाम भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शनिवार (20 जुलाई) को प्रातः 7 बजे जीटीसी हैलीपैड़ देहरादून से हैलीकॉप्टर से प्रस्थान कर प्रातः 7:45 बजे वीवीआईपी हैलीपैड़ केदारनाथ पहुंचेंगे। इसके पश्चात् 7:50 बजे वीवीआईपी हैलीपैड़ से पैदल प्रस्थान करते हुए प्रातः 8 बजे श्री केदारनाथ धाम में पहुंचेंगे। कुछ समय केदारनाथ धाम में रहने के बाद प्रातः 9:30 बजे हैलीकॉप्टर के माध्यम से देहरादून हेतु प्रस्थान करेंगे।

### आप मंत्री आतिशी की मांग : सेंट्रल बजट से दिल्ली को 10 हजार करोड़ रुपए दिए जाएं

नई दिल्ली , दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा, केंद्र सरकार का बजट देश के अलग–अलग हिस्सों से जो लोग टैक्स देते हैं उसका समावेश है। इस टैक्स के योगदान में दिल्ली के लोगों का बहुत बड़ा हिस्सा है। दिल्ली के लोग 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा इनकम टैक्स देते हैं, 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा सेंट्रल त्रस्ज्ञ में देते हैं। जब दिल्ली वाले ढाई लाख करोड़ रुपए का टैक्स देते हैं तो दिल्ली वालों का हक बनता है कि उसमें से कुछ हिस्सा हमें वापस मिले, बाकी सब राज्यों को केंद्र सरकार अपने टैक्स का एक हिस्सा देती है लेकिन हमें एक रुपया भी अपने टैक्स में से वापस नहीं मिलता... इस 2 लाख करोड़ रुपए का 5त्र तो दिल्ली वालों का अधिकार है इसलिए दिल्ली सरकार की दिल्ली वालों की तरफ से मांग है कि इस बार दिल्ली में बुनियादी ढांचे के खर्च के लिए, बिजली और सडक़ अवसंरचना, परिवहन को और बेहतर बनाने के लिए इस बार सेंट्रल बजट से दिल्ली को 10 हजार करोड़रुपए दिए जाएं।

### जालंधर पुलिस का नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार, 1.34 करोड़ की संपत्ति जब्त

जालंधर जालंधर पुलिस ने जिले में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 1.34 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है।जालंधर पुलिस ने ड्रग माफियाओं पर बड़ा एक्शन लेते हुए शहर से नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दरअसल ड्रग के पैसों से अर्जित की गई 1.34 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त किया गया है। कमिश्नरेट पुलिस ड्रग तस्करों के सप्लाई चेन को तोडऩे में लगातार सफलता हासिल कर रही है। एसीपी दमन बीर सिंह ने बताया कि 17 आरोपियों के खिलाफ इस साल 27 अप्रैल को थाना डिवीजन एक जालंधर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने उनके पास से 48.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने कहा कि वाहन संपत्ति और ड्रग मनी समेत 1.34 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा रही है। 1.05 करोड़ रुपये की ड्रग मनी समेत वाहनों के अंदर से 28,90,000 रुपये की नकदी पकड़ी गई। इस मामले में पुलिस ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई हुई है। एसीपी ने बताया, इस कदम का उद्देश्य ड्रग तस्करों के खिलाफ अनुकरणीय कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि यह दूसरों के लिए मिसाल बन सके। कमिश्नरेट पुलिस की ओर से नशा विरोधी अभियान शुरू किया गया है, ताकि शहर से नशे का खात्मा किया जा सके। उन्होंने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस इस नेक काम के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी और आम लोगों को इस नेक कार्य के लिए पुलिस का समर्थन करना चाहिए।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दिल्ली में अंतरराज्यीय किडनी रैकेट का भंडाफोड़

नई दिल्ली , दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक अंतरराज्यीय किडनी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, आरोपी जाली दस्तावेजों के आधार पर पांच राज्यों के कई अस्पतालों में प्रतिरोपण करवाते थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने एक सप्ताह के अभियान के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों भंडाफोड़ किए गए बांग्लादेश के रैकेट के मामले में पहले राजस्थान पुलिस ने अहम खुलासा किया था।

## नीट पेपर लीक मामला : पटना के बाद सीबीआई का रांची में एक्शन

● रिम्स की मेडिकल छात्रा को हिरासत में लिया

रांची , नीट–यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई ने रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स की फर्स्ट ईयर की छात्रा सुरभि कुमारी को हिरासत में लिया है। सुरभि को इस सॉल्वर गैंग का सदस्य बताया जा रहा है, जिसने लीक हुए प्रश्नपत्र का उत्तर तैयार किया था। सीबीआई की टीम ने उसे गुरुवार देर शाम पूछताछ के बाद हिरासत में लिया। एजेंसी ने छात्रा के बारे में रिम्स के स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन डॉ शिव प्रिये से भी जानकारी ली है। इस केस में रांची के कुछ और मेडिकोज सीबीआई जांच के दायरे में आ सकते हैं। सीबीआई ने सॉल्वर गैंग से जुड़े पटना एम्स के चार मेडिकल छात्रों को गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया था। इसके बाद गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में सुराग मिले। रिम्स की जिस छात्रा को एजेंसी ने हिरासत में लिया है, वह रामगढ़ जिले के आरा की रहने वाली है। उसने पिछले साल नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया में 56 वीं रैंक हासिल की थी। सूत्रों




के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में उसने प्रश्न पत्र को हल करने और इसके एवज में पैसे मिलने की बात स्वीकार कर ली है। सीबीआई की अब तक की जांच में इसके पर्याप्त साक्ष्य हाथ लगे हैं कि नीट–यूजी का पेपर झारखंड के हजारीबाग से लीक हुआ था। एजेंसी ने हजारीबाग स्थित परीक्षा केंद्रों के लिए भेजे गए प्रश्नपत्र को चुराने के आरोप में एक इंजीनियर पंकज कुमार को पटना से गिरफ्तार किया था। पंकज ने चुराया गया प्रश्नपत्र हजारीबाग के राज गेस्ट हाउस के संचालक राजू सिंह को उपलब्ध कराया था और इसके बाद यह पेपर पटना भेजा गया था, जहां हॉस्टल में टिकाए गए चुनिंदा अभ्यर्थियों को रातों–रात प्रश्नों के उत्तर रटवाए गए थे। जांच में यह भी पता चला है कि हजारीबाग स्थित गेस्ट हाउस में भी कुछ छात्र–छात्राओं को रुकवाकर प्रश्नों के उत्तर रटवाए गए थे। फिलहाल सीबीआई पंकज कुमार और राजू सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। एजेंसी ने पेपर लीक केस में हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीआई एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल मो. इम्तियाज और एक दैनिक अखबार के पत्रकार जमालुद्दीन को 28 जून को ही गिरफ्तार किया था। जांच का दायरा बढऩे के साथ ही इस पूरे स्कैम में शामिल लोगों के नाम चेहरे एक–एक कर सामने आ रहे हैं।

### भारी बारिश से जौनसार–बावर के 14 मार्ग बंद

विकासनगर। गुरुवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के चलते चकराता, साहिया और कालसी क्षेत्र के एक राष्ट्रीय राजमार्ग, दो राज्य मार्ग, एक जिला मार्ग समेत कुल 14 मार्ग यातायात के लिए बाधित रहे। मार्गों के बंद हो जाने से बड़ी आबादी को आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ा। जनजातीय क्षेत्र जोनसार बावर में गुरुवार रात हुई भारी वर्षा के कारण क्षेत्र के चौदह मोटर मार्गों पर यातायात ठप हो गया। यातायात ठप होने से क्षेत्र की बड़ी आबादी गांवों में कैद होकर रह गई। कई लोग अपने आवश्यक कार्यों के लिए ब्लॉक व तहसील मुख्यालय नहीं पहुंच पाए। बंद मार्ग पर एंबुलेंस के फंसने से मरीज भी समय से अस्पताल नहीं पहुंच पाया। ग्रामीण क्षेत्रों से विकासनगर, देहरादून व अन्य मंडियों में जाने वाली फसलें भी समय से मंडी तक नहीं पहुंच पाई। इन मार्गों के बंद होने से स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को सभी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## कलयुगी बेटे ने चाकू से गोदकर की मां की हत्या, फरार

● नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आमपड़ाव खुमरा बस्ती की घटना

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अमापड़ाव खुमरा बस्ती में एक कलयुगी बेटे ने चाकू से गोदकर अपनी सौतेली मां की हत्या कर दी। घटना के बाद से आरोपी व उसकी पत्नी फरार चल रहे हैं। आरोपी का आए दिन अपनी मां से किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।


साहिदा की हत्या के बाद अस्पताल में पहुंचें स्वजन

शुक्रवार सुबह नशे में धुत्त अशरफ अपनी पत्नी के साथ अपने छोटे भाई के मकान में पहुंचा और वहां रह रही मां के साथ गाली-गलौच करने लगा। उसकी मां ने जब गाली-गलौच का विरोध किया तो अशरफ ने कमरे में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से अपनी मां पर एक के बाद एक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंची अशरफ के छोटी भाई की पत्नी कमरे में खून ही खून देखकर बेहोश हो गई। घटना के बाद अशरफ अपनी पत्नी के साथ मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने अशरफ के छोटे भाई की पत्नी व गंभीर रुप से घायल अशरफ की मां साहिदा को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि अशरफ आमपड़ाव इंद्रानगर मोहल्ले में किराए के कमरे में रहता था। जबकि, उसकी मां साहिदा अपने छोटे बेटे के साथ रहती थी। साहिदा का छोटा बेटा अज्जू ट्रक ड्राईवर है जो शुक्रवार को ट्रक चलाने गया हुआ था और साहिदा उसकी पत्नी के साथ घर पर थी। लोगों ने बताया कि अशरफ आए दिन अपनी मां से लड़ने के लिए आया करता था। लेकिन, शुक्रवार दोपहर बात इतनी बढ़ गई कि अशरफ ने अपनी मां की हत्या ही कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में अब तक तहरीर नहीं मिली है। आरोपित अपनी पत्नी के साथ फरार चल रहा। जिसकी तलाश जारी है।

## जीईपी लांच करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखण्ड

● सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लांच किया उत्तराखण्ड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में पारिस्थितिकी को अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए ''उत्तराखण्ड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक'' (जी.ई.पी) लांच किया। जी.ई.पी का शुभारम्भ करने वाला उत्तराखण्ड पहला राज्य है। उत्तराखण्ड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का आंकलन 04 मुख्य घटकों जल, वायु, वन और मृदा के आधार पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी.ई.पी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक प्रकोष्ठ बनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जी.ई.पी लागू होने से इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। इस सूचकांक के परिणामों के विश्लेषण से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में और जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रकृति




प्रदत्त अनेक प्रकार की वन संपदा है, आवश्यकता है इनके सदुपयोग की। हमें वृक्षारोपण के साथ जल स्त्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड दुनिया को पर्यावरण के क्षेत्र में दिशा देने का कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में राज्य में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में अमृत सरोवरों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है। जिलाधिकारियों, वन विभाग, सारा और अन्य कार्यदाई संस्थाओं को इनके संरक्षण और जल स्तर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई से 15 अगस्त तक राज्य में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 01 लाख 64 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हरेला पर्व के दिन 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। जनसहभागिता से भी वृक्षारोपण किया जा रहा है। बैठक में हैस्को संस्था के प्रमुख पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, वन मंत्री सुबोध उनियाल, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### खतरे के निशान पर बह रही यमुना, निचले इलाकों में अलर्ट

विकासनगर। पछुवादून में यमुना खतरे निशान पर बह रही है। हालांकि जल स्तर स्थिर है, लेकिन पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के चलते यमुना तट के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट कर दिया गया है।

शुक्रवार देर शाम यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 455.37 मीटर पर पहुंच गया, जो इस साल का अब तक का सबसे अधिक है। एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंचने के बाद निकासी अलर्ट जारी कर दिया गया है। बैराज से धीरे–धीरे पानी छोड़ा जा रहा है। यमुना के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को भी अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन तंत्र जलस्तर पर लगातार नजर लगाए हुए हैं, इसके लिए उत्तराखंड जल विद्युत निगम और डाकपत्थर बैराज प्रबंधन से भी लगातार संवाद किया जा रहा है। किसी भी परिस्थिति से निपटने की पूरी तैयारी की गई है। आपात स्थिति के लिए लोगों को सरकारी स्कूल, पंचायत भवनों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। हालांकि अभी जलस्तर खतरे के निशान पर स्थिर है, लेकिन यमुना के ऊपरी कैचमेंट एरिया (जल अधिग्रहण) क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जल स्तर बढ़ने के संभावित खतरे को देखते हुए पूरा तंत्र अलर्ट मोड़ पर है।

## तीन पीसीसीएफ सहित 13 आईएफएस के तबादले

देहरादून। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सरकार ने तीन पीसीसीएफ सहित 13 आईएफएस अफसरों के तबादले कर दिए। परियोजना निदेशक जायका के पद पर तैनात विजय कुमार को उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पीसीसीएफ गरिजा शंकर पांडे से सीईओ कैंपा की जिम्मेदारी हटाकर उन्हें वन विकास निगम का नया एमडी बनाया गया है। राजाजी पार्क के निदेशक डा. साकेत बडोला को कार्बेट का नया निदेशक बनाया गया है। वन्यजीव संरक्षण में उनके काम और अनुभव को देखते हुए ये अहम दायित्व दिया गया है। बीपी गुप्ता को पीसीसीएफ वन पंचायत व प्रशासन की जिम्मेदारी दी गई है। पीसीसीएफ रंजन मिश्रा को सीईओ कैंपा और एपीसीसीएफ मनोज चंद्रन को बैंबू बोर्ड को सीईओ बांस बोर्ड की जिम्मेदारी दी गई है। बिनसर अग्निकांड के बाद सीसीएफ कुमाऊं के पद से हटाए गए पीके पात्रो को मुख्य परियोजना निदेशक जायका की अहम जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कार्बेट डायरेक्टर रहे डा. धीरज पांडे को



सीसीएफ कुमाऊंकी जिम्मेदारी दी गई है। नितीश मणि त्रिपाठी को जैव विविधता बोर्ड का सदस्य सचिव और डीएफओ चकराता रहे मयंक शेखर झा को वन विकास निगम में क्षेत्रीय प्रबंधक बनाया गया है। कल्याणी को डीएफओ रुद्रप्रयाग और उप वन संरक्षक केदारनाथ बनाया गया है। वहीं टोंस पुरोला में अवैध कटान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने वाले कुंदन कुमार को डीएफओ हल्द्वानी और अभिमन्यु को डीएफओ चकराता बनाया गया है।

## संसद के बजट सत्र में विपक्षी दलों को एक सुर में जवाब देगा एनडीए

नई दिल्ली ,संसद का आगामी बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा संसद सत्र है और इसलिए केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और केंद्र सरकार कई स्तरों पर इसे लेकर तैयारी कर रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने पिछले सत्र के दौरान, जो कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला सत्र भी था, जिस अंदाज में सरकार को घेरने की कोशिश की थी और जिस तरह से विपक्ष के कई राजनीतिक दल राहुल गांधी का साथ देते नजर आए, उसे देखते हुए भाजपा और सरकार ने सोमवार से शुरू होने जा रहे सत्र को लेकर काउंटर रणनीति तैयार कर ली है।बताया जा रहा है कि संसद सत्र के दौरान भाजपा, एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ



मिलकर उन तमाम मुद्दों पर एक साझा जवाब तैयार करेगी, जिन मुद्दों को सदन में उठाने की तैयारी विपक्षी दल कर रहे हैं। सरकार के रणनीतिकारों का जोर इस बात पर ज्यादा होगा कि विपक्षी दलों के आरोपों और हमलों का जवाब एनडीए गठबंधन में शामिल सभी दल एक सुर में देते हुए नजर आएं। बता दें कि सोमवार से शुरू होने जा रहे संसद सत्र के दूसरे दिन 23 जुलाई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुबह 11 बजे लोकसभा में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी। सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान, केंद्रीय बजट पारित करवाने के साथ ही 5 अन्य विधेयकों – आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक–2024, बॉयलर विधेयक–2024, भारतीय वायुयान विधेयक–2024, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक–2024 और रबड़ (संवर्धन और विकास) विधेयक–2024 भी पारित करवाने का प्रयास करेगी। इसके अलावा जम्मू–कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र का बजट पेश करना और चर्चा के बाद पारित करवाना भी सरकार के एजेंडे में शामिल है।

### मुख्यमंत्री हिमंत का बड़ा ऐलान, मुस्लिम विवाह कानून होगा रद्द

नई दिल्ली , असम सरकार राज्य में मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम को निरस्त करेगी। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। इन दोनों कानूनों को निरस्त करने के लिए गुरुवार को कैबिनेट में असम रिपीलिंग बिल यानी असम निरसन अध्यादेश को मंजूरी दे दी है, सीएम सरमा ने ऐलान किया है कि अब इस निरसन विधेयक को विधानसभा में रखा जाएगा। विवाह और तलाक के पंजीकरण में समानता लाने के लिए राज्य मंत्रिमंडल ने गुरुवार को असम रिरसन विधेयक को मंजूरी दे दी है। सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस बिल का उद्देश्य असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 और असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण नियम, 1935 को निरस्त करना है। असम कैबिनेट की ओर से मंजूर असम रिपीलिंग अधिनियम को अब विचार के लिए असम विधानसभा के अगले मानसत्र सत्र में रखा जाएगा। कैबिनेट ने यह भी फैसला किया है कि असम में मुस्लिम विवाहों के पंजीकरण के लिए एक उपयुक्त कानून लाया जाए, जिस पर विधानसभा के अगले सत्र तक विचार किया जाएगा।

## लिव–इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए राहत, कोर्ट के फैसले ने सिखाया सबक

देहरादून ,उत्तराखंड देश में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) लागू करने वाला पहला प्रदेश बन गया है। ऐसे में इसके अंदर शादी से लेकर जमीन–जायदाद में हिस्सेदारी और लिव–इन रिलेशनशिप को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। इस कानून में लिव–इन रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को लेकर यह कहा गया है कि वह ऐसी स्थिति में अपना पंजीकरण कराएं ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में शासन–प्रशासन के द्वारा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसको लेकर खूब विरोध किया गया। इस कानून का विरोध करने वाले लोग पहले तो यह मान ही नहीं रहे थे कि लिव इन रिलेशन जैसी कोई चीज होती है और अगर होती भी है तो इसकी जानकारी शासन–प्रशासन को देना और इसको रजिस्टर्ड कराना राइट टू प्राइवेसी का उल्लंघन है। क्योंकि किसी के साथ किसी के संबंधों की जानकारी निजी होती है ऐसे में इसे शासन–प्रसासन को मुहैया कराना राइट टू प्राइवेसी का उल्लंघन है। अब लिव इन रिलेशन में रहने वाला एक



जोड़ा उत्तराखंड हाई कोर्ट के समक्ष अपनी सुरक्षा की गुहार लेकर पहुंचा। उस जोड़े ने अदालत को बताया कि वे लिव इन रिलेशन में रह रहे हैं। ऐसे में उन्हें बार–बार परिवार वालों की तरफ से धमकी मिल रही है। जबकि हम दोनों ही बालिग हैं और हमें हमारे जीवन के बारे में फैसला लेने का पूरा अधिकार है। ऐसे में उत्तराखंड हाई कोर्ट की तरफ से फैसला आया। जिसमें इस बात का जिक्रकिया गया है कि इस जोड़े को अपने आप को उत्तराखंड समान नागरिक संहिता की धारा 378(1) के तहत अपना पंजीकरण कराना चाहिए। यानी इस रिलेशनशिप को रजिस्टर्ड कराना चाहिए और साथ ही प्रशासन को यह ऑर्डर किया गया कि इस जोड़े की सुरक्षा सुनिश्चित करे। अदालत की तरफ से इस ऑर्डर में कहा गया कि आप अपने लिव इन रिलेशन को रजिस्ट्रार के पास 48 घंटे के अंदर रजिस्टर्ड करें और इसके साथ ही प्रशासन इस जोड़े की सुरक्षा को सुनिश्चित करे। उत्तराखंड सरकार के द्वारा समान नागरिक संहिता की धारा 378(1) के अनुसार लिव–इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए यह अनिवार्य होगा कि चाहे वे उत्तराखंड के निवासी हों या नहीं हों, लिव–इन का विवरण प्रस्तुत करने के लिए धारा 378 की उपधारा (1) के तहत संबंधित रजिस्ट्रार को जिसके अधिकार क्षेत्र में वह जोड़ा रहता है अपने लिव इन रिलेशन को रजिस्टर्ड कराएं।

## गुलदार ने किशोर को बनाया निवाला, दहशत में लोग

### ग्रामीणों ने रेंज कार्यालय पर लगाया ताला, लापरवाह अधिकारियों के निलंबन की मांग

नई टिहरी : देवप्रयाग में तहसील के समीप डिग्री कालेज पैदल मार्ग पर गुरुवार देर शाम गुलदार ने 17 वर्षीय अनुराग चौहान को मार डाला। राइंका देवप्रयाग में 12वीं के छात्र अनुराग का अधखाया शव देर रात घटना स्थल से 70 मीटर नीचे जंगल में मिला। घटना के समय अनुराग क्रिकेट खेल कर वापस घर लौट रहा था। अनुराग का सीएचसी बागी में पीएम किये जाने के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। घटना से हर कोई स्तब्ध है। बीते गुरुवार देर शाम तहसील में स्टांप विक्रेता बलवंत चौहान का पुत्र अनुराग खेलकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान गुलदार ने उस पर हमला कर मार डाला। घटना की



सूचना पर विधायक विनोद कंडारी सुबह तड़के 4 बजे घटनास्थल पर पहुंचे और वन विभाग को गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने के निर्देश दिए। जिसके बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। शुक्रवार को घटना के गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग के रेंज कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए पकड़े गए गुलदार को ढेर किए जाने की मांग की। घटना के लिए वन विभाग को जिम्मेदार मानते हुए लोगों ने रेंजर कार्यालय पर ताला जड़ते हुए धरना दिया। मौके पर लोगों ने डीएफओ नरेंद्रनगर जीवन दगड़े व एसडीएम सोनिया पंत से लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को तत्काल निलंबित किये जाने की मांग की। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए डीएफओ ने मामले की दस दिनों में जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में पूर्व प्रमुख जयपाल पंवार, ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह, प्रधान होशियार सिंह, अरविंद जियाल, वीरेंद्र सिंह, रूपेश गुसाई, दिलीप सिंह आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### महिला को गुलदार ने किया घायल

रूद्रप्रयाग : बच्छणस्यूं क्षेत्र में गुलदार के हमले की घटनाएं थम नहीं रही है। बीती देर शाम गोशाला गई एक बुजुर्ग महिला को गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा महिला को शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार किया गया। गुलदार के हमले से गांव में दहशत का मौहाल है। जानकारी के अनुसार बीती देर शाम चौंथला गांव की 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला जयंती देवी दूध निकालने के लिए गोशाला गईं थी। जब वह खूंट से बछिया को खोल ही रही थी तभी गुलदार ने महिला पर हमला कर दिया। इससे महिला दूसरे खेत में गिर गई और उनके सिर पर चोट आ गई। महिला के पति के चिल्लाने पर गुलदार भाग गया। इसके बाद परिजनों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया गुलदार काफी बड़ा था। जब गुलदार ने हमला किया तो वो दूसरे खेत में गिर गई और चेहरे से खून आने लगा। पति के चिल्लाने की आवाज पर गुलदार भागा। जयंती देवी ने बताया की वो पूर्व में भालू के हमले में भी घायल हुईं थी।

### अगले चार–पांच दिन हिमाचल के कुछ जिलों में भारी बारिश का अनुमान, ऑरेंज अलर्ट जारी

शिमला ,हिमाचल प्रदेश के कुछ जिलों में अगले चार–पांच दिन भारी बारिश का अनुमान है। इसको लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में अभी तक सामान्य से कम बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगस्त में मानसून रफ्तार पकड़ सकता है। अगले कुछ दिनों में भारी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि अगले तीन–चार दिनों तक प्रदेश में वर्षा में तेजी आने की संभावना है। इसके लिए विभाग ने अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के चार जिले शिमला, मंडी, कांगड़ा और बिलासपुर में सामान्य के आस–पास वर्षा हुई है, जबकि बाकी क्षेत्रों में बारिश सामान्य से कम हुई है। उन्होंने बताया, सबसे कम बारिश लाहौल स्पीति, सिरमौर, सोलन और ऊना में हुई है। उन्होंने कहा कि जुलाई में मानसून कम असरदार रहेगा, जबकि अगस्त की शुरुआत में मानसून के रफ्तार पकडऩे की उम्मीद है।

## धामों के नामों के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कानून

■ तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने किया स्वागत

देहरादून। उत्तराखंड के धामों के नामों के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कानून बनाने के कैबिनेट के फैसले का चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने स्वागत किया है। महापंचायत ने इस फैसले के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद देते हुए आभार जताया। सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट में धामों और ट्रस्टों से जुड़े मिलते जुलते नामों का इस्तेमाल करने वाले के खिलाफ सख्त कानून बनाने का प्रस्ताव पास किया। इस पर चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने सीएम धामी समेत पूरी कैबिनेट का आभार जताया। महापंचायत के महासचिव डा. बृजेश भट्ट ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी से मिल कर महापंचायत ने दिल्ली में बन रहे केदारनाथ धाम पर आपत्ति जताई थी। महापंचायत का कहना है कि केदारनाथ धाम के नाम पर दूसरे स्थान पर मंदिर बनाया जाना और श्री केदारनाथ धाम के नाम पर ट्रस्ट का गठन सही नहीं है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

कहा कि सरकार ने महापंचायत की मांग पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सख्त कानूनी प्रावधान वाला कानून बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पास कर दिया है। इसके लिए राज्य के सभी तीर्थ पुरोहित सरकार के आभारी हैं।

## संपादकीय

### हार-जीत पर आत्ममंथन

उत्तराखंड के दो उपचुनावों में मिली शानदार सफलता के बाद प्रदेश कांग्रेस अब अपनी लोकसभा चुनावों की विफलताओं पर मंथन कर रही है। कांग्रेस अगले विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रदेश में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है और इसके लिए बूथ स्तर पर तैयारी शुरू की जा रही है तो वहीं दल के नेता अब यह भी आंकलन कर रहे है कि लोकसभा चुनाव में यदि गंभीरता के साथ मजबूत प्रत्याशी उतारे जाते तो लोकसभा चुनावों के नतीजे कुछ अलग हो सकते थे। कांग्रेस अपनी बुनियाद को मजबूत बनाने की दिशा में भविष्य को नजर में रख रही है, यहां खास तौर से जरूरत है संगठन को मजबूत बनाने की ताकि भविष्य में होने वाले नगर निगम के चुनाव में मजबूत बनकर उभर सके। कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी हार और जीत के कारणों का आकलन कर रही है जिसके तहत पार्टी का मानना है कि नैनीताल उधम सिंह नगर और अल्मोड़ा संसदीय सीट पर कांग्रेस ने बैठे बिठाये भाजपा को यह सीट उपहार में दे दी। यदि पार्टी में गंभीरता के साथ मंथन करते हुए मजबूत प्रत्याशियों को उतारा जाता तो भाजपा के लिए इस सीट पर जीत आसान नहीं होती। ठीक इसी तरह पौड़ी सीट पर भी कांग्रेस को बड़े उलटफेर की उम्मीद थी लेकिन कांग्रेस के मजबूत नेता गणेश गोदियाल भी चुनाव हार गए, लिहाजा इस हार पर भी मंथन होगा। लोकसभा की पांचो सीटों पर कांग्रेस अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाई थी और अब इसी हर को लेकर कांग्रेस आत्म मंथन में जुटी है। विधानसभा उपचुनाव में बद्रीनाथ एवं मंगलवार सीट पर कांग्रेस की शानदार जीत पार्टी को ऊर्जा प्रदान करने में कामयाब रही है और यही वह संजीवनी है कांग्रेस की जो उसे भविष्य के चुनाव के लिए ताकत प्रदान करेगी। हालांकि कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी दिक्कत पार्टी के अंदर ही चल रहा घमासान भी है जिसका प्रदर्शन लोकसभा चुनाव में भी हो चुका था जहां अपने ही प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार करने के लिए बड़े नेता मैदान में नहीं उतरे और चुनाव का सारा दारोमदार प्रत्याशियों पर ही छोड़ दिया गया। यही नहीं चुनाव सामग्री जुटाना तक कार्यकर्ताओं के लिए भारी पड़ गया था तो इन परिस्थितियों में कल्पना की जा सकती है कि आखिर कैसे संगठनात्मक तौर पर बेहद ताकतवर भाजपा के आगे कांग्रेस का वर्चस्व टिक पाता। कांग्रेस को निश्चित तौर पर अपने संगठन को मजबूत करने की जरूरत है, खासतौर से बड़े नेताओं के बीच जो खींचातानी चल रही है यदि उसे समय रहते समाप्त नहीं किया गया तो फिर नगर निकाय चुनाव में भी संघर्ष करने की स्थिति नहीं रह जाएगी। कांग्रेस ने सटीक समय में अपनी हार और जीत की असफलताओं का आकलन करने का समय चुना है और यदि इन बैठकों से कांग्रेस अपनी गलतियां सुधारने के साथ-साथ संगठनात्मक तौर पर सुधार करती है तो आने वाले चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच रोमांचक चुनावी संघर्ष देखने को मिलेगा। उपचुनावों की सफलता ने कांग्रेस को संजीवनी प्रदान करने का काम किया है और इस जीत की ऊर्जा को यदि बनाए रखना है तो अभी से भविष्य की बुनियाद को मजबूत करना होगा।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून

**डॉ. असद रजा**

**वास्तव में जदयू और टीडीपी जैसे मोदी सरकार के घटक दलों को चिंता है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून का समर्थन करने से उनका मुस्लिम और दलित वोट खिसक सकता है, इसलिए ये दल परिवार नियोजन के लिए जन-जागरूकता पर बल देते हैं। कुछ अति धर्मभीरु और मजहबी लोग बच्चों को अल्लाह की देन समझते हैं। मानते है कि अन्न-भोजन देने की जिम्मेदारी अल्लाह ने ले रखी है, इसलिए जनसंख्या को रोकने के लिए कठोर कानून की जरूरत नहीं है परंतु यह तर्क नहीं, कुतर्क है। ऐसा होता तो अफ्रीका आदि क्षेत्रों में लोग भूख से क्यों मरते? निश्चय ही हमारा देश विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। हमने इस मैदान में चीन को भी पछाड़ दिया है, और आज एक अरब 45 लाख से अधिक आबादी का बोझ उठा रहे हैं। बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण तथा अपराध में वृद्धि का एक प्रमुख कारण आबादी में भारी इजाफा भी है। देश में बढ़ती सांप्रदायिकता और घृणा का एक बड़ा कारण भी जनसंख्या में वृद्धि है। बहुसंख्यक हिन्दू आबादी मुसलमानों की बढ़ती आबादी को खतरा मानती है। उनमें से कुछ का यह भी मानना है कि भविष्य में भारत भी पाकिस्तान की भांति इस्लामी राष्ट्र बन सकता है। यद्यपि यह काल्पनिक भविष्याणी है क्योंकि देश में भी मुसलमानों में भी बच्चों की जन्म दर कम हुई है परंतु हिन्दुओं में यह दर अधिक कम हुई है।**

जुलाई 12 से 31 तक विश्व में विशेष रूप से हमारे देश में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें जनसंख्या को बढ़ने से रोकने के लिए जागरूकता रैलियां निकाली जा रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की समस्या के समाधान के बारे में विभिन्न राजनीतिक दलों के बयान आए हैं।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा भाजपा बिहार के राज्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए परंतु एनडीए के घटक दल जदयू के नेता इस बारे में कठोर कानून बनाने का समर्थन नहीं करते क्योंकि उन्हें दलित और मुस्लिम मतदाताओं के बिदकने का भय है।

वास्तव में जदयू और टीडीपी जैसे मोदी सरकार के घटक दलों को चिंता है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून का समर्थन करने से उनका मुस्लिम और दलित वोट खिसक सकता है, इसलिए ये दल परिवार नियोजन के लिए जन-जागरूकता पर बल देते हैं। कुछ अति धर्मभीरु और मजहबी लोग बच्चों को अल्लाह की देन समझते हैं। मानते हैं कि अन्न-भोजन देने की जिम्मेदारी अल्लाह ने ले रखी है, इसलिए, जनसंख्या को रोकने के लिए कठोर कानून की जरूरत नहीं है परंतु यह तर्क नहीं, कुतर्क है।

ऐसा होता तो अफ्रीका आदि क्षेत्रों में लोग भूख से क्यों मरते? निश्चय ही हमारा देश विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। हमने इस मैदान में चीन को भी पछाड़ दिया है, और आज एक अरब 45 लाख से अधिक आबादी का बोझ उठा रहे हैं। बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण तथा अपराध में वृद्धि का एक प्रमुख कारण आबादी में भारी इजाफा भी है। देश में बढ़ती सांप्रदायिकता और घृणा का एक बड़ा कारण भी जनसंख्या में वृद्धि है। बहुसंख्यक हिन्दू आबादी मुसलमानों की बढ़ती आबादी को खतरा मानती है। उनमें से कुछ का यह भी मानना है कि भविष्य में भारत भी पाकिस्तान की भांति इस्लामी राष्ट्र बन सकता है। यद्यपि यह काल्पनिक भविष्याणी है क्योंकि देश में मुसलमानों में भी बच्चों की जन्म दर कम हुई है परंतु हिन्दुओं में यह दर अधिक कम हुई है।

कई अदूरदर्शी मौलवी तथा मुस्लिम नेता भी जनसंख्या रोकने के लिए कड़े कानून का विरोध करके हिन्दुओं की आशंका को मजबूत करते हैं। भाजपा सहित संघ परिवार के सभी संगठन तथा उदारवादी मुसलमान जनसंख्या नियंत्रण कानून के पक्षधर हैं परंतु इस तथ्य की भी अवहेलना नहीं की जा सकती कि उच्च और मध्यम वर्ग के हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन के परिवार साधारणतया दो या तीन बच्चों तक सीमित होते हैं क्योंकि उन्हें अपने बालकों को उत्तम शिक्षा दिला कर सफल नागरिक बनाना होता है, उन्हें पौष्टिक भोजन तथा साफ-सुथरा घर और वस्त्र उपलब्ध कराने होते हैं जबकि निम्न वर्ग के लोग चूंकि अशिक्षित या अर्धशिक्षित होते हैं, और उनके लिए मनोरंजन का एकमात्र साधन सैक्स होता है। अतः वे अधिक बच्चे पैदा करते हैं तथा उन्हें उनकी शिक्षा दीक्षा की चिंता नहीं होती अपितु वे अपने आठ दस वर्ष के बालक को किसी ढाबे पर काम पर लगा देते हैं, और बालक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो जाता है। चूंकि मुसलमान, दलित और आदिवासी ही अधिकतर गरीब और आर्थिक-सामाजिक रूप से पिछड़े होते हैं, इसलिए उनके ही अधिक बच्चे होते हैं। निस्संदेह मोदी सरकार को कठोर जनसंख्या कानून बनाना चाहिए। परंतु कटु सत्य यह भी है कि संसद में ऐसा सख्त कानून पास कराना कठिन होगा क्योंकि मौजूदा संसद में भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है, इसलिए कोई कानून पास कराने के लिए उसे सहयोगी दलों विशेष रूप से जदयू और टीडीपी का समर्थन लेना होगा परंतु दोनों दल मुस्लिम और दलित वोटर को दृष्टि में रखते हुए कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून को शायद समर्थन न दें।

इसलिए इस कानून को भाजपा शासित प्रदेशों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, उत्तराखंड, गुजरात, छत्तीसगढ़ आदि की विधानसभाओं में पास कराके सख्ती से लागू कराना होगा। प्रावधान करना होगा कि कानून लागू होने के बाद राशन कार्ड केवल चार व्यक्तियों यानी माता, पिता व दो बच्चों का ही बनेगा और दो बच्चों को जन्म देने के पश्चात पति या पत्नी में से किसी एक को नसबंदी करानी होगी अथवा लिखित में सरकार को आश्वासन देना होगा कि भविष्य में तीसरा बालक पैदा नहीं करेंगे। तीसरा बच्चा पैदा करने वाले माता-पिता को चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं होगा। वैसे राजस्थान में कानून है कि दो से अधिक बच्चों वाले माता-पिता को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। केंद्र सरकार को यह कानून तो बनाना ही चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रति दिन सुबह, दोपहर और रात्रि में दस सेकंड का परिवार नियोजन से संबंधित सरकार द्वारा तैयार किया हुआ विज्ञापन आवश्यक रूप से दिखाए तथा हर भाषा के दैनिक अखबार को परिवार नियोजन का विज्ञापन अनिवार्य रूप से प्रकाशित करना होगा।

# आम लोगों को तगड़ा झटका

**खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जून में 10.86 फीसद बढ़ी जबकि मई माह में यह 9.82 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 फीसद रही जो मई माह में 32.42 फीसद थी। प्याज की महंगाई दर 66.37 फीसद रही जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 फीसद रही। दालों में भी 21.64 फीसद की बढ़त दर्ज की गई। फलों, अनाज, दूध आदि अन्य खाद्य पदाथरे के दामों में भी बढ़त का रुझान रहा। दरअसल, जून माह में थोक दामों में बढ़ोतरी व्यापक रही।**

खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई ने भी आम लोगों को तगड़ा झटका दिया है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर बढक़र 5.08 फीसद पर पहुंच गई थी जो चार महीने का उच्चतम स्तर है।

अब थोक महंगाई ने भी लगातार चौथे महीने बढ़त दिखाई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि थोक महंगाई बढने़ की मुख्य वजह खाद्य पदाथरे, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विर्निमित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि रही। गौरतलब है कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई मई में 2.61 फीसद के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 फीसद नीचे रही थी। फरवरी, 2023 में यह 3.85 फीसद थी।खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जून में 10.86 फीसद बढ़ी जबकि मई माह में यह 9.82 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 फीसद रही जो मई माह में 32.42 फीसद थी। प्याज की महंगाई दर 66.37 फीसद रही जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 फीसद रही। दालों में भी 21.64 फीसद की बढ़त दर्ज की गई। फलों, अनाज, दूध आदि अन्य खाद्य पदाथरे के दामों में भी बढ़त का रुझान रहा। दरअसल, जून माह में थोक दामों में बढ़ोतरी व्यापक रही। ईंधन और बिजली को छोडक़र सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े। बेशक, जुलाई माह में कुछ राहत मिलने के अनुमान है। अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई माह में थोक महंगाई में दो फीसद तक नरमी आने की उम्मीद अर्थशास्त्री जतला रहे हैं। अलबत्ता, नरमी की संभावना को कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता से झटका लग सकता है।जुलाई माह में कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता के चलते मांग-आपूर्ति के मद्देनजर मासिक आधार पर कच्चे तेल में वृद्धि का रुझान देखने को मिला तो थोक महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। बेशक, थोक महंगाई में बढ़त का रुझान केंद्रीय बैंक को उतना चिंता में नहीं डालता जितना खुदरा महंगाई का रुझान। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। लेकिन यह भी सच है कि थोक दामों का असर भी खुदरा महंगाई पर कुछ समय बाद दिखलाई पडऩे लगता है। फिर, धारणा से भी निश्चित ही आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, कर संग्रह आदि आर्थिक संकेतक मजबूत हैं, जिससे दामों के सीजनल दबावों से पार पाने में मदद मिलेगी।

## छोटे किसानों के हितों की रक्षा

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अन्य मांगों को लेकर किसान आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल अलग-अलग किसान संगठनों का कहना है कि वे प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्यों को ज्ञापन सौंपेंगे। इस बार दिल्ली कूच करने की बजाय देशव्यापी विरोध की तैयारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को वे प्रमुखता देंगे। इन राज्यों में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। फसल बीमा, किसानों को पेंशन बिजली के निजीकरण को बंद करने के साथ सिंधु और टिकरी सीमा पर शहीद किसानों का स्मारक बनाने की मांग भी कर रहे हैं। समर्थन मूल्य को लेकर यह आंदोलन 2020 में शुरू हुआ था। यूं तो इसे बड़े किसानों का आंदोलन कहा जा रहा है लेकिन किसानों का एक वर्ग मोदी सरकार की कृषि नीतियों से संतुष्ट नहीं है। सरकार की तरफ से मिले आासन और आम चुनाव के दौरान आंदोलन कुछ वक्त के लिए ठहर सा गया था। देश में छोटे किसानों की तादाद बहुत है। दूसरे वे लोग हैं, जो कृषि कायरे के जरिए जीवन यापन करते हैं। उन सबको इन आंदोलनों या मांगों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। हालांकि अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार हर देशवासी को है। वह सरकार के समक्ष अपनी कोई भी मांग रखने को आजाद है। मगर पिछले आंदोलन के दरम्यान प्रदर्शनकारियों के कारण कई स्थानों पर जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। आगजनी और पथराव हुआ था। सुरक्षाबलों पर हथियार भी प्रयोग हुए। इसी दरम्यान पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के शंभू बार्डर पर धरनारत किसानों को हटाने के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार को भी बैरिकेड हटाने और चड़ीगढ़-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने का आदेश दिया है।

पांच महीनों से अवरुद्ध इस मार्ग के खोलने से कारोबारियों और नियमित यात्रियों को होने वाली असुविधा से निजात मिल सकेगी। हम कृषि प्रधान देश हैं इसलिए उनकी जरूरतों और मांगों की अनदेखी नहीं की जा सकती। मगर उन्हें भी उग्र विरोध से बचना चाहिए। अड़ियल रुख दिखाने की बजाय सरकार को भी छोटे किसानों के हितों की रक्षा में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

## महंगे एक्सप्रेस-वेज ही इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं

सिर्फ उंचे टॉल टैक्स वाले महंगे एक्सप्रेस-वेज (जो आम जन की पहुंच से बाहर हों) ही इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। असल कसौटी यह है कि एक्सप्रेज-वेज से उतरने के बाद शहर और गांवों में ऐसे निर्माणों के कारण जिंदगी कितनी सहूलियत भरी हुई है। लखनऊमें चारबाग स्टेशन के बाहर नौका चलते देखना कौतुक से भरा अनुभव है। वाराणसी में शहर के अंदर जगह-जगह तालाब जैसा नज़ारा बनना उससे कोई कम तजुर्बा नहीं है। ठीक ही कटाक्ष किया गया है कि वादा वाराणसी को क्योटो (जापान की स्मार्ट सिटी) बनाने का था, लेकिन उसे वेनिस (इटली का मशहूर नगर जहां शहर के अंदर मौजूद झीलों में नौकाएं चलती हैं) बना दिया गया। यह तो सिर्फ दो मिसालें हैं। जल जमाव के शिकार शहरों की सूची रोज लंबी होती जा रही है। सोमवार सुबह-सुबह खबर आई की महानगर मुंबई में रात में हुई बारिश से जगह-जगह पानी भर गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वैसा नज़ारा पैदा हुए अभी कुछ रोज ही गुजरे हैं। यानी महानगर से लेकर छोटे शहरों तक में इस मामले में समरूपता बनती जा रही है। एयरपोट्र्स के अंदर पानी घुसना और ट्रेनों से लेकर रेलवे स्टेशनों तक पर उप्रर से रिसते पानी से झरने जैसा दृश्य बनना आम हो गया है। यह उस देश का हाल है, जहां "तेजी से विकसित होते इन्फ्रास्ट्रक्चर" की कहानियां इस तरह फैली हैं कि देशवासी अक्सर उस पर गर्व करते दिखते हैं। ये कहानियां दूर-दूर तक फैली हैं। कुछ समय पहले मशहूर ब्रिटिश पत्रिका द इकॉनमिस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में इसे "माउथवाटरिंग" इन्फ्राक्टक्चर निर्माण कहा था। बहरहाल, आम भारतवासियों के मुंह में इस निर्माण को देख कर पानी भले ना आता हो, लेकिन उन्हें अपने चारों ओर भरे पानी को चीरते हुए जरूर गुजरना पड़ रहा है। तो अब जरूरी हो गया है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के बारे में नई समझ बनाई जाए। सिर्फ उंचे टॉल टैक्स वाले एक्सप्रेस-वेज (जो आम जन की पहुंच से बाहर हों) ही इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। असल कसौटी यह है कि एक्सप्रेज-वेज से उतरने के बाद शहर और गांवों में ऐसे निर्माणों के कारण जिंदगी कितनी सहूलियत भरी हुई है। वैसे तो हर मौसम में इस कसौटी पर हमारी बस्तियां फेल होती हैं, लेकिन इस वर्ष की बरसात में टूटते पुलों, सडक़ों में पड़ती दरार, एयरपोर्ट और रेलवे ढांचे में घुसते पानी, आदि ने कुछ ज्यादा पोल खोल दी है।

# कमल हासन की इंडियन 2 को नहीं मिल रहे दर्शक, पांचवें दिन कमाए 3 करोड़ रुपये

कमल हासन स्टारर इंडियन 2 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. दिग्गज अभिनेता की ये फिल्म साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी और ये रिकॉर्ड संख्या में स्क्रीन पर रिलीज हुई थी. हलांकि मच अवेटेड सीक्वल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद पॉजिटिव रिव्यू नहीं मिला लेकिन फिल्म की पहले दिन के लिए धुआंधार एडवांस बुकिंग हुई थी जिसके चलते इंडियन 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग की लेकिन फिर इसके बाद फिल्म की कमाई का ग्राफ गिरता चला गया. चलिए यहां जानते हैं इंडियन 2 ने रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है कमल हासन की इंडियन 2 को लेकर रिलीज से पहले काफी बज था. दरअसल ये फिल्म एक्टर की ब्लॉकबस्टर



1996 में आई इंडियन का सीक्वल है. ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट थी. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद मेगा-बजट फिल्म की शुरुआत तो अच्छी रही लेकिन दूसरे दिन से ये थिएटर्स में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आ रही है और इसी के साथ इंडियन 2 उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नहीं कर पा रही है. इंडियन 2 की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 25.6 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 18.2 करोड़ कमाए. तीसरे दिन इंडियन 2 का कलेक्शन 15.35 करोड़ रहा. वहीं चौथे दिन फिल्म की कमाई 3 करोड़ रुपये हुई. वहीं अब इंडियन 2 की रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन 2 ने रिलीज के 5वें दिन 3 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसके बाद इंडियन 2 की पांच दिनों की कुल कमाई अब 65.15 करोड़ रुपये हो गई है. इंडियन 2 को दर्शकों से ठंडा रिस्पॉन्स मिल रहा है. इसकी एक वजह ये भी है कि इस फिल्म को प्रभास की ब्लॉकबस्टर कल्कि 2898 एडी से मुकाबला करना पड़ रहा है.

## भारतीय मूल के खिलाड़ी, जिन्होंने ओलंपिक में दूसरे देशों के लिए जीते पदक

नईदिल्ली, पेरिस ओलंपिक का आगाज 26 जुलाई से होने वाला है, जिसमें दुनिया भर के लगभग 10,500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।पिछले टोक्यो ओलंपिक में भारत की झोली में कुल 7 पदक आए थे और भारतीय दल के खिलाड़ी आगामी संस्करण में पदक संख्या में इजाफा करना चाहेंगे।इस बार भारत के 117 खिलाड़ी दम दिखाने के लिए तैयार हैं।आइए उन खिलाडिय़ों के बारे में जानते हैं, जो भारतीय मूल के होकर दूसरे देशों के लिए पदक जीत चुके हैं। साल 2004 के ओलंपिक खेल एथेंस में खेले गए थे। अमेरिका की जिमनास्ट मोहिनी भारद्वाज, जिनका जन्म फिलाडेल्फिया, पेंसिल्वेनिया में हुआ था। उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया था।मोहिनी पहली भारतीय-अमेरिकन थी, जिन्होंने ओलंपिक में पदक अपने नाम किया था।वह मूल रूप से उत्तर भारत की रहने वाली हैं। उनके पिता का नाम अरुण भारद्वाज और माता का नाम इंदू है। मोहिनी ने 4 साल की उम्र से ही इस खेल का अभ्यास करने लगी थीं। एक अन्य अमेरिकी जिमनास्ट खिलाड़ी राज भावसार, जिनका जन्म अमेरिका के ह्यूस्टन, टेक्सास में हुआ था।

# सूर्यकुमार यादव के टी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान बेहद शानदार हैं आंकड़े

नईदिल्ली, सूर्यकुमार यादव को 27 जुलाई से मेजबान श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाली 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है।उन्होंने बतौर कप्तान रोहित शर्मा की जगह ली, जिन्होंने भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाने के बाद इस प्रारूप से संन्यास ले लिया। सूर्यकुमार को बतौर कप्तान हार्दिक पांड्या पर तरजीह दी है।यहां हम सूर्यकुमार के टी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान आंकड़ों पर नजर डालते हैं।



सूर्यकुमार ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बतौर कप्तान अपनी शुरुआत की थी।उस सीरीज में सूर्यकुमार ने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया और भारत ने सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमा लिया।उसके बाद उन्होंने भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 1-1 से बराबरी दिलाई। ऐसे में सूर्यकुमार के नेतृत्व में भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 जीत और 2 हार दर्ज की हैं। सूर्यकुमार ने अब तक 24 टी-20 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से 16 में उन्होंने जीत दर्ज की है।उन्होंने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 40.50 की औसत से 810 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 165.64 की रही है।इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और एक शतक भी जड़ा है। यह शतकीय पारी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में आई थी।कप्तान सूर्यकुमार के नाम 164.83 की स्ट्राइक रेट से 300 टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं।सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी कप्तानी की है। उन्होंने आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी।उस मैच में इस धाकड़ खिलाड़ी ने 25 गेंदों में 43 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जिससे 5 बार की चैंपियन टीम ने 17.4 ओवर में 186 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।सूर्यकुमार ने अपनी शानदार पारी में 4 चौके और 3 छक्के भी जड़े थे।

# धनुष की 50वीं फिल्म रायन का दमदार ट्रेलर आउट, भरपूर एक्शन मोड में नजर आए अभिनेता

धनुष के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रायन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मूवी में धनुष के अलावा प्रकाश राज, संदीप किशन, कालिदास जयराम, दुशारा विजयन, एसजे सूर्या, वरलक्ष्मी सरथकुमार और अपर्णा बालमुरली मुख्य भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर रिलीज के साथ ही दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है। आगामी गैंगस्टर ड्रामा की झलकियों ने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। रायन के ट्रेलर की शुरुआत धनुष के शरीर पर लगे खून को धोते हुए एक शॉट से होती है। जल्द ही, कालिदास और संदीप के पात्रों को किसी बात पर स्पष्ट रूप से नाराज दिखाया जाता है। सूर्या को एक अलग रोशनी में दिखाया गया है, जबकि प्रकाश उनका पीछा करता हुआ प्रतीत होता है। धनुष के किरदार को विभिन्न लोगों पर हमला करते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि उनकी प्रतिशोध की प्यास में कालिदास और संदीप भी शामिल हो गए हैं। हालांकि, अंतिम दृश्य उन्हें बिल्कुल विपरीत दिखाता है, जब वह एक पुलिसकर्मी से बात करते हैं तो वह बहुत शांत नजर आते हैं। सन पिक्चर्स बैनर द्वारा निर्मित रायन 26 जुलाई को बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन धनुष ने किया है, जो फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। रायन धनुष की दूसरी निर्देशित फिल्म है, जो पा पांडी के बाद बनी है। एआर रहमान फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं। कालिदास और संदीप, रायन के भाई की भूमिका में हैं, जबकि दुशारा उनकी बहन के किरदार में हैं। तकनीकी दल में सिनेमैटोग्राफर ओम प्रकाश और संपादक प्रसन्ना जीके शामिल हैं। रायन धनुष की बतौर मुख्य अभिनेता 50वीं फिल्म है। एक गैंगस्टर के इर्द-गिर्द घूमती एक एक्शन ड्रामा फिल्म रायन ने सेंसर की औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और उसे ए सर्टिफिकेट मिल गया है।

## बॉक्स ऑफिस पर सरफिरा की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त

सुधा कोंगारा के निर्देशन में बनी फिल्म सरफिरा में अक्षय कुमार की उम्दा अदाकारी की चारों और खूब तारीफ हो रही है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की कमाई के आंकड़े बेहद निराशाजनक हैं।12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिडक़ी पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।शुरुआत से सरफिरा की कमाई में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। हालांकि, रिलीज के पांचवें दिन फिल्म के कारोबार में मामूली उछाल आया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां सरफिरा ने चौथे दिन 1.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं रिलीज के पांचवें दिन यह फिल्म 1.95 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इसी के साथ अब इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 15 .4 करोड़ रुपये हो गया है।सरफिरा ने 2 .50 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।

# पहले कप्तानी छिनी और फिर तलाक, हार्दिक पांड्या की बढ़ती मुश्किलें

नई दिल्ली, टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक का तलाक हो गया है। पांड्या को एक ही दिन में दो झटके लगे। पहले पांड्या से टीम इंडिया की कप्तानी का मौका छिना और फिर उनके तलाक की खबर कंफर्म हो गई।

श्रीलंका दौरे के लिए बीसीसीआई ने गुरुवार को टी20 और वनडे टीम का ऐलान किया। रोहित के बाद टी 20 कप्तानी की दौर में सबसे प्रबल दावेदार हार्दिक पांड्या को इस दौरे के लिए कप्तानी दी जा सकती थी, लेकिन हार्दिक को टी20 की कप्तानी नहीं देने की वजह उनकी फिटनेस को माना जा रहा है।



सूर्यकुमार यादव अब टी20 के नए कप्तान हैं, वनडे में कप्तान रोहित शर्मा हैं। वहीं टी20 और वनडे दोनों ही फॉर्मेट में उपकप्तानी की जिम्मेदारी शुभमन गिल को सौंपी गई है।पिछले एक साल में हार्दिक चोटों के कारण काफी परेशान रहे हैं और कई अहम मैचों में उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा। जबकि टीम इंडिया के नए कोच गौतम गंभीर टी20 कप्तानी में लॉन्ग टर्म ऑप्शन चाहते हैं। इसलिए सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम की कमान सौंपी गई है। बतौर भारतीय कोच गंभीर का यह पहला असाइनमेंट होगा। पहले जानकारी मिल रही थी कि विराट कोहली और रोहित शर्मा श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं लेकिन गंभीर ने सीनियर खिलाडिय़ों की टीम में वापसी की मांग की। रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली भी वनडे टीम का हिस्सा हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन दोनों ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है।

गंभीर कार्यकाल में टीम में बदलाव का दौर जारी है। इस बीच हार्दिक पांड्या की पर्सनल लाइफ भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

## एक नजर

### खुले में कूड़ा डालने वालों पर सख्ती, नगर आयुक्त ने दिए निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती दिखाने का निर्णय लिया है। इसके लिए नगर आयुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। बाजवूद इसके भी कई लोग सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डाल देते हैं। कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निगम के माध्यम से डोर-टू-डोर वाहन सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। ताकि लोग खुले सड़कों पर अपशिष्ट पदार्थों को न फेंके। खुले में अपशिष्ट पदार्थ फेंकने से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। साथ ही निराश्रित गोवंश भी उसका सेवन करते हैं। कहा कि कुछ लोग कूड़े को वाहनों में कूड़ा न डालकर खुले में फेंक रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों को सड़कों पर कूड़ा डालने वाले लोगों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम की धारा-2016 के तहत नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 21 जुलाई तक भरें बीएड परीक्षा फार्म

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थानों में बीएड/एमएड द्वितीय एवं चतुर्थ और बीएड चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईईटीईपी) सेमेस्टर की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि विस्तारित की गई है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. जेएस चौहान ने बताया कि गढ़वाल विवि के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में बीएड/एमएड द्वितीय एवं चतुर्थ और आईईटीईपी द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन फार्म बिना विलम्ब शुल्क के साथ 21 जुलाई तक विस्तारित किये गये हैं। उन्होंने विवि परिसरों/ महाविद्यालयों और संस्थानों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों को सत्यापन करने के पश्चात समस्त आवेदन पत्र प्रमाणित सूची एवं सांख्यिकी सहित 23 जुलाई तक जमा करने के निर्देश दिये हैं। (एजेंसी)

### श्रीनगर में ईसीएचएस खोलने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल लेज. (रि.) गुरमित सिंह को श्रीनगर में ईसीएचएस खोले जाने को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया। मौके पर पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट के अध्यक्ष दर्शन सिंह भंडारी ने कहा कि लम्बे समय से पूर्व सैनिक ईसीएचएस खोले जाने की मांग कर रहा है। कहा श्रीनगर में ईसीएचएस खुलने से पूर्व सैनिकों को इसका लाभ मिलेगा। (एजेंसी)

### बीरोंखाल में पेट्रोल-डीजल का संकट, वाहन चालक और पर्यटक परेशान

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड बीरोंखाल के अंर्तगत गुडिंडा डीजल पंप में पेट्रोल और डीजल खत्म होने से चार दिन से लोग पेट्रोल-डीजल के संकट से जूझ रहे हैं। पेट्रोल-डीजल का संकट होने से वाहन चालकों और पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग रामनगर, पौड़ी,और कोटद्वार से पेट्रोल-डीजल मंगाने को मजबूर है। जय कालिंका मां टैक्सी, मैक्सी यूनियन बीरोंखाल के अध्यक्ष राजेश रावत, कुलदीप सिंह, तेजपाल सिंह, जेटी सिंह, बिक्रम आंनद आदि ने बताया कि गुडिंडा डीजल पंप पर चार दिन से डीजल और पेट्राल नहीं मिल रहा है। जिस कारण सब परेशान हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का एकमात्र डीजल पंप पर डीजल, पेट्रोल नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। सहायक खाद्य निरीक्षक बीरोंखाल शशिकला रावत ने बताया कि पंप संचालक का सर्वर नहीं चलने से दिक्कत हो रही है। उधर जिलापूर्ति अधिकारी अरुण वर्मा ने बताया कि खाद्य निरीक्षक बीरोंखाल से गुडिंडा डीजल पंप पर चार दिन से डीजल, पेट्राल नहीं मिलने की जानकारी ली जा रही हैं। पंप संचालक को शीघ्र डीजल और पेट्राल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### समस्याओं के निराकरण को एसडीएम से लगाई गुहार

नई टिहरी : पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी सिंह पंवार ने शुक्रवार को एसडीएम प्रतापनगर को ज्ञापन देते हुए लंबगांव नगर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि बाजार में सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण व्यापारियों से लेकर स्थानीय लोगों को बैठक से लेकर अन्य सामूहिक कार्यों को संपन्न कराने में खासी परेशानी उठानी पड़ती है।

# मांगों को लेकर धरना दे रहे फैक्ट्री कर्मियों को दिखाई बंदूक, मारपीट की

### ग्रोथ सेंटर स्थित केएमसी इलेक्ट्रॉनिक्स का मामला, कर्मियों ने उठाई कार्रवाई की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत ग्रोथ सेंटर स्थित केएमसी इलेक्ट्रॉनिक्स में विवादों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। हालत यह है कि शुक्रवार को वेतन सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। यही नहीं कर्मचारियों को बंदूक दिखाकर उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी गई। आक्रोशित कर्मचारियों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



फैक्ट्री में कर्मचारियों को बंदूक दिखाता व्यक्ति

शुक्रवार को कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे थे। इसी दौरान ठेकेदार वहां पहुंचा और कर्मियों को अपना धरना समाप्त करने के लिए कहने लगे। लेकिन, कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। इसी दौरान ठेकेदार के सुरक्षाकर्मी ने कर्मचारियों को धरना स्थल से हटाने के लिए उन पर अपनी बंदूक तान दी। यह देख कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच कई। बंदूक तनी देख कर्मचारी इधर से उधर भागने लगे। आरोप है कि इस दौरान कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। साथ ही कर्मचारियों को धरना बंद न करने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई। मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिसमें सुरक्षाकर्मी कर्मचारियों को बंदूक दिखा रहा है। साथ ही इसमें कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की जा रही है। इसके बाद कोतवाली में पहुंचे कर्मचारियों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। कहा कि फैक्ट्री में लगातार कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। पूर्व में भी कई बार कर्मचारियों के साथ मारपीट जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### फैक्ट्री पर तालाबंदी की चेतावनी

फैक्ट्री में कर्मचारियों के साथ ही मारपीट से आक्रोशित कर्मचारी संघर्ष समिति सिगड्डी सिडकुल ने फैक्ट्री में तालाबंदी की चेतावनी दी गई। कहा कि इससे पूर्व भी कई बार फैक्ट्री में कर्मचारियों के साथ अभद्रता हो चुकी है। कहा कि जब तक कर्मचारियों को न्याय नहीं मिलता वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे। कर्मचारियों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अनुसूचित जाति के परिवारों के उत्पीड़न पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शैल शिल्पी विकास संगठन ने चमोली के जोशीमठ में ग्राम सुभाई में अनूसूचित जाति के परिवारों के उत्पीड़न पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि आज के समय में इस तरह का व्यवहार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। संठन ने दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाने की भी मांग उठाई।

शैल शिल्पी विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि जोशीमठ के ग्राम सुभाई में हुई घटना चिंताजनक है। भारत का संविधान सभी नागरिकों को एक समान अधिकार देता है। कहा कि आज भी तथाकथित उच्च जातियां गांवों में अपनी पंचायत का फरमान सुनाकर देश के संविधान की खुले आम धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुभाई गांव के किसी धार्मिक आयोजन में बीमार होने की वजह से शिल्पकार समाज के ढोल वादक ढोल बजाने नहीं पहुंच सके, जिस पर सामान्य जाति के लोगों ने पंचायत कर अनुसूचित जाति के लोगों पर जुर्माना लगाया गया, उन्हें जाति सूचक गालियां दी गई साथ ही उनका सामाजिक बहिष्कार किया गया, उन्हें पानी के स्रोतों, गांव के सार्वजनिक रास्तों, आदि के मौलिक अधिकारों के इस्तेमाल पर रोक लगाने का फरमान सुना दिया गया। उन्होंने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। मांग न माने जाने पर शैलशिल्पी विकास संगठन सहित पूरे प्रदेशभर में अनुसूचित जाति के दर्जनों संगठन एक वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, क्योंकि उक्त घटना से अनुसूचित जाति समाज में गहरा रोष व्याप्त है।

# फंगल इंफेक्शन के बढ़े मरीज, डॉक्टर ने दी सावधानी बरतने की सलाह

श्रीनगर गढ़वाल : इन दिनों राजकीय संयुक्त उपजिला चिकित्सालय श्रीनगर के ईएनटी विभाग में प्रतिदिन 20 से अधिक मरीज कान में फंगल इंफेक्शन के आ रहे हैं। इसमें कान से पानी आना, खुजली, दर्द आदि से पीड़ित मरीज शामिल हैं। डॉक्टर मरीजों को दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

उपजिला अस्पताल संयुक्त के ईएनटी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. दिगपाल दत्त ने बताया कि बरसात के मौसम में कान में फंगल इन्फेक्शन के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। प्रतिदिन ईएनटी की ओपीडी में कान में फंगल इन्फेक्शन की शिकायत को लेकर ही 20 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। डॉ. दिगपाल बताते हैं कि बरसात के समय नमी होने के चलते, नहाने के समय कान में पानी चले जाने और कान को साफ न करने के कारण ज्यादातर फंगल इन्फेक्शन होता है। फंगल इन्फेक्शन के कारण कान में खुजली, दर्द होना, कान में भारीपन और सुनाई कम देने लगता है। डॉ. दिगपाल दत्त ने कान में तेल न डालने, कान में पानी जाने से बचाने, कान को साफ रखने की सलाह दी। कहा कि कान बहुत संवेदनशील अंग है, दिक्कत होने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार करवायें। (एजेंसी)

# आईआईटी दिल्ली के लिए हुआ सौरभ का चयन

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर के गणेश बाजार निवासी सौरभ बड़थ्वाल का चयन आईआईटी दिल्ली में हुआ है। छात्र के प्रदर्शन से नगर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सौरभ के पिता राजेंद्र बड़थ्वाल ने बताया कि बिना कोचिंग और ट्यूशन के सौरभ ने यह मुकाम हासिल किया है। सौरभ की पढाई सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल से पूरी हुई है। 12वीं तक की पढाई करने के बाद सौरभ ने घुड़दौड़ी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण की है। जिसके बाद सौरभ का गेट परीक्षा में आल ओवर इंडिया में 900 रैंक प्राप्त कर आईआईटी दिल्ली के लिए चयन हुआ है। बताया कि सौरभ आईआईटी दिल्ली से कम्प्यूटर साइंस से एमटेक की पढ़ाई करेगा। सौरभ की कामयाबी पर व्यापारियों सहित स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। (एजेंसी)

### छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का किया रोपण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

हरेला पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. पीएस राणा ने आंवले के पौधे का रोपण कर किया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के छात्रों ने जामुन, आंवला, अमलतास, बेल, गुलमोहर व अशोक के छायादार व फलदार वृक्षों का रोपण किया। छात्रों ने रोपे गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

प्रो. पीएस राणा ने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखण्ड का लोक पर्व है, जिसका संबध प्रकृति की हरियाली से है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के कारण प्रकृति का सरंक्षण किया जाना जरूरी है। सभी लोगों को एक-एक पेड़ लगाकर प्रकृति को सरंक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य डा. के सर्वानन, सहायक कुलसचिव अरूण कुमार, कार्यक्रम प्रभारी हर्षित शर्मा, विकास, विशाल, ज्योति, योगिता, रूचि, प्राची मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने बनाए बीज बम, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




नवयुग पब्लिक स्कूल में बीज बम बनाते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : धरा को हरा-भरा बनाने के लिए नवयुग पब्लिक स्कूल की ओर से बीज बम बनाए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम नेगी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इसलिए हम सभी को एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना होगा। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का रोपण किया। तत्पश्चात सभी छात्रों ने मिट्टी व कंपोस्ट के माध्यम से बीज बम बनाए। सूखने के बाद बीज बम को विभिन्न क्षेत्रों में फेंके जाएगें। जिससे धरा को हरा-भरा बनाया जा सकें।

### जिला उद्योग मित्र प्राधिकृत समिति की बैठक आज

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिला उद्योग मित्र प्राधिकृत समिति (एकल खिड़की सुगमता व्यवस्था) की बैठक शनिवार (20 जुलाई) को जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में अपराह्न 3 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश ने बताया कि जिला उद्योग मित्र प्राधिकृत समिति/एकल खिड़की सुगमता व्यवस्था की बैठक अपराह्न 3 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आयोजित होने वाली बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है।


**NOTICE**

I SAKIB do hereby declare that the correct name of my father is AMEEN which is mistakenly written as AMIN in my Highschool documents.

**Sakib S/o Ameen R/o Grastanganj, Kotdwara, Pauri Garhwal, Uttarakhand.**
(0288/21)

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई-टेंडर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेंडर संख्या/दिनांक | 79-DRM-MB-24-25 Date: 18.07.2024 | | |
| कार्य का नाम | Replacement of existing masonry arch bridge no. 82, 87, 169 and 171 on Moradabad - Ghaziabad. Chargeable to estimate no. 97/2024 (RRSK) | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 13.08.2024 (16:00 hrs.) | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,03,24,065.02 | | |
| धरोहर राशि | ₹2,01,600.00 | | |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 08.08.2024 |

निविदा सं.: Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक: 18.07.2024 2186/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी0एम0श्री0के0वी0, लैन्सडौन के अभिलेखों में मेरे पुत्र एवं पुत्री का नाम त्रुटिवश अनमोल पुत्र श्री अरबिन्द कुमार एवं अराध्या पुत्री श्री अरबिन्द कुमार दर्ज है, जोकि गलत है, इनका सही नाम अनमोल कुमार पुत्र श्री अरबिन्द कुमार कपोला एवं अराध्या पुत्री श्री अरबिन्द कुमार कपोला है।

**अरबिन्द कुमार कपोला पुत्र अनिल कुमार कपोला निवासी ग्राम बौठा, पोस्ट डाडामण्डी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0289/21)


# दंगलेश्वर महादेव सतपुली से 29 को निकलेगी पैदल कांवड़ यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : सावन माह में नयार घाटी क्षेत्र से सैकड़ों कांवड़िये हरिद्वार से जल लेकर अपने-अपने क्षेत्र के महादेवों में जलाभिषेक करते हैं। इसी को लेकर नगर पंचायत सतपुली में कांवड़ संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दंगलश्वर महादेव सतपुली से निकलने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 अगस्त को दंगलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किये जाने पर यात्रा की शुरुआत 29 जुलाई से की जायेगी, जबकि हरिद्वार से 30 जुलाई को जल लेकर कांवड़िये सतपुली के लिए पैदल रवाना होंगे तथा लालढांग में रुकेंगे और 31 को कोटद्वार, 1 अगस्त को भादालीखाल और 2 अगस्त को शाम तक सतपुली दंगलेश्वर मंदिर में पहुचंगे। 3 अगस्त को महादेव का जलाभिषेक कर हवन पूजा करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि यात्रा में चलने वाले भक्तों का रजिस्ट्रेशन 25 जुलाई तक किया जाएगा। पंकज वर्मा उर्फ भोले भाई, सुनील डंडरियाल, जयदीप नेगी उर्फ धन्ना, मनीष खुगशाल स्वतंत्र से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। बैठक में बिरेन्द्र नेगी, पंकज वर्मा उर्फ भोले भाई, सुनील डंडरियाल, जयदीप नेगी उर्फ धन्ना, मनीष खुगशाल स्वतंत्र, संतोष, संदीप डोबरियाल, जयकृत सिंह, बिन्नी, चिराग गुप्ता आदि मौजूद रहे।



: बैठक में कांवड़ यात्रा को लेकर चर्चा करते हुए कांवड़ संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य।

# विशेषज्ञों की टीम करेगी क्षतिग्रस्त सिग्नेचर पुल की जांच

रूद्रप्रयाग : नरकोटा के पास निर्माणाधीन सिग्नेचर पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद अब विभागीय स्तर से इसकी जांच होगी। एनएच लोनिवि इसकी जांच आईआईटी या एनआईटी के विशेषज्ञों से कराएगी ताकि पुल टूटने के कारणों का पता लग सके। साथ ही प्रशासन के द्वारा भी स्थानीय कमेटी इस मामले की जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौपेंगी।

बीते दिन नरकोटा में 110 मीटर स्पान और 29 मीटर चौड़ा सिग्नेचर पुल का इरेक्शन एलीमेंट टूटने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। इस पुल का 77 फीसदी काम भी पूरा हो गया था,जबकि अगस्त में पुल एसम्बलिंग का काम पूरा होना जाना था। अब पुल को बनने में 6 महीने से भी अधिक का समय लग सकता है। एनएच के अधिशासी अभियंता तनुज काम्बोज ने बताया कि विभागीय स्तर से आईआईटी या एनआईटी के विशेषज्ञों से पुल की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद ही कारणों की सही ढंग से जानकारी मिल पाएगी। इधर, उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल ने बताया कि प्रशासन स्तर से स्थानीय स्तर पर जांच कमेटी गठित की जाएगी जो पुल के क्षतिग्रस्त होने की जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौपेंगी। वहीं दूसरी ओर पुल के दूसरी बार क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। नरकोटा के ग्राम प्रधान चन्द्रमोहन, स्थानीय निवासी दीपक सिलोड़ी, संदीप आदि ने कहा कि पुल निर्माण से ही इस पर सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई दी गई।

पूर्व में भी शटरिंग टूटने से यहां जन हानि हुई। जबकि एशिया का पहला सिग्नेचर पुल इसे बताया जा रहा है बावजूद पुल का क्षतिग्रस्त होना लापरवाही को दर्शा रहा है। (एजेंसी)

### ऊखीमठ में बंद रहेगी मांस की दुकानें

रूद्रप्रयाग : शुक्रवार को तहसील सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और मीट-मांस व्यापारियों के मध्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बाद श्रावण मास में दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया।गुरुवार को श्रावण मास में मांस की दुकानों को बंद करने को लेकर व्यापार मंडल और मांस व्यापारियों के बीच नोंकझोंक हुई थी। जिसके बाद शुक्रवार को दोनों पक्षों से वार्ता के बाद कोई निर्णय न होने पर उपजिलाधिकारी द्वारा पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी द्वारा सभी पक्षों से बातचीत के बाद श्रावण मास में दुकानों को बंद करने का निर्णय लिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अनिल शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, निवर्तमान अध्यक्ष विजय राणा, प्रदीप धर्म्वाण, यशबीर बर्त्वाल व सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

# राज्यपाल ने किया श्रीकोट बेस अस्पताल में कार्डियक कैथ लैब का लोकार्पण

### 6 करोड़ 35 लाख की लागत से बनी है कार्डियक कैथ लैब

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान शोध संस्थान के टीचिंग बेस चिकित्सालय में 6 करोड़ 35 लाख की लागत से बने कार्डियक कैथ लैब का शुक्रवार को राज्यपाल लेज. (रि.) गुरमीत सिंह ने लोकार्पण किया। राज्यपाल ने कहा कि कैथ लैब बनने से चार जनपदों के 20 लाख से अधिक आबादी के साथ-साथ ही यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल, गढ़वाल सासंद और कैबिनेट मंत्री ने मेडिकल कॉलेज की उमंग स्मारिका का विमोचन किया। मौके पर राज्यपाल ने सांसद बलूनी और मंत्री डा. धन सिंह के कार्यों की सराहना की।बेस चिकित्सालय में कैथ लैब लोकार्पण के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के तृतीय रेफरल हॉस्पिटल में पहली बार कैथ लैब सुविधा का शुभारम्भ हुआ है। कहा कि किसी हेल्थ इंस्टीट्यूशन के ओवरऑल सफलता के कई महत्वपूर्ण आधार होते हैं। जिनमें सेवाभाव, कार्य दक्षता, आपसी सहयोग, कर्तव्य निष्ठा एवं विकसित होते रहने की विल पावर उस संस्थान की सफलता के प्रमुख आधार स्तम्भ होते हैं। जब भी हम विश्व या देश के अग्रणी एवं श्रेष्ठतम् संस्थानों को देखते हैं तो हम पाते हैं कि उत्कृष्टता को बनाये रखने के लिए उनमें कार्य करने वाले समस्त सदस्यों के बीच बहुत अच्छी हार्मनी एवं परिश्रम की भावना होती है। कहा कि देवभूमि के राज्यपाल के रूप में जब मुझे ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं तो बहुत खुशी होती है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय उत्तराखंड के निदेशक डा. आशुतोष सयाना ने कहा कि आम आदमी की जीवन शैली में हृदय रोग संबंधी बीमारियों में बढ़ोतरी हुई है। आम तौर पर रोगियों में हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की धमनी का रोग, नसों में सिकुड़न या धमनियों में ब्लॉकेज खोलने जैसी बीमारियों का पता लगाने के लिये कार्डियो कैथलैब के जरिये आसानी होगी। विशेषकर पहाड़ी क्षेत्र के जनपदों पौड़ी, रूद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी के मरीजों के लिये वरदान साबित होगी। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा निदेशक आशुतोष सयाना, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी लोकेश्वर सिंह, मेडिकल प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत, संयुक्त मजिस्ट्रेट मनामिका, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष दून मेडिकल कॉलेज डॉ. अमर उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित थे। (एजेंसी)


**महत्वपूर्ण सूचना**

मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सेक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में दिनांक 05.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में रेलगाड़ियों के मार्ग परिवर्तन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 15529 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) जनसाधारण एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 15530 आनंद विहार (ट) – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं. | 25.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15621 कामाख्या – आनंद विहार (ट) एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद | 25.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15622 आनंद विहार (ट) – कामाख्या एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं. | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी – आनंद विहार (ट) चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद | 21.07, 23.07, 25.07, 28.07, 30.07 एवं 01.08, 04.08.2024 |
| 14010 आनंद विहार (ट) – बापूधाम मोतिहारी चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं. | 22.07, 24.07, 27.07, 29.07, 31.07 एवं 03.08.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ड्रोन के माध्यम से जंगली जानवरों पर रखें नजर : धामी

**-वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्यूलाइज गन दें**
**-जंगलों से लगते क्षेत्र में बायो फेंसिंग की जाए**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा और प्रभावी प्रयास किये जाएं। इसके निवारण के लिए सुनियोजित नीति बनाते हुए इस पर गंभीरता से कार्य किया जाए। मानव-वन्यजीव संघर्ष में मृतकों के परिजनों और घायलों को यथाशीघ्र अनुमन्य सहायता उपलब्ध करवाई जाए। जंगलों से लगते जो स्थान बायो फेंसिंग से वंचित रह गए हैं, उन स्थानों को अतिशीघ्र बायो फेंसिंग से आच्छादित किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 20वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त बढ़ाई जाए एवं वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में उपकरण कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्यूलाइज गन आदि दी जाए। साथ ही आधुनिक उपकरण जैसे ड्रोन के माध्यम से भी जंगली जानवरों पर नजर रखी जाए। जिन प्रभागों में मानव वन्यजीव संघर्ष के ज्यादा मामले आ रहे हैं उन स्थानों पर विशेष नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर जल्द डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजाजी टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत चौरासी कुटिया का अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकास एवं उच्चीकरण अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य में वन्य जीव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न नेशनल पार्कों के व्यापक



प्रचार-प्रसार के लिए वाइल्डलाइफ आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने के भी निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बर्ड वाचिंग कैंप का आयोजन भी किये जाने को कहा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास योजनाओं को नियमों के दायरे में रहकर जल्द पूरा किया जाए, ताकि आमजन को सहूलियत मिल सके। बैठक में जानकारी दी गई कि जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाईफ से स्वीकृति मिल चुकी है। जनपद-पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड यमकेश्वर में किमसार-भोगपुर मोटर रोड के लिए नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाईफ से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जिसका निर्माण जल्द किया जाएगा। 9 सालों से लंबित राजाजी टाइगर रिजर्व हेतु टाइगर कंजरवेशन फॉउण्डेशन का गठन कर लिया गया है। राज्य में वन्यजीव प्रबन्धन के समस्त बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुये फॉरेस्ट लैण्डस्केप रीस्टोरेशन के 10 वर्षीय प्रस्ताव को तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 32 करोड़ की धनराशि भारत सरकार से स्वीकृत हो गई है। प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में आधुनिक उपकरणों के क्रय हेतु वन प्रभागों को 10 करोड़ 50 लाख रूपये की धनराशि आवंटित की गई है। बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एडीजी ए.पी अंशुमन एवं बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

## दुकानदार के कमरे से 20 हजार की नगदी और स्मार्टफोन चोरी

विकासनगर। सेलाकुई में डीबीएस कॉलेज के पास चोरों ने एक दुकानदार के कमरे से बीस हजार की नगदी और स्मार्टफोन चुरा लिया। घटना के वक्त दुकानदार कमरे में ही था और सोए हुए थे। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सेलाकुई थाना प्रभारी शैंकी कुमार ने बताया कि सूरवीर सिंह कंडारी पुत्र आलम सिंह कंडारी ग्राम बांमसू कंडाई रुद्रप्रयाग ने तहरीर दी है। बताया कि डीबीएस कॉलेज के पास उनकी परचून की दुकान है। दुकान के ऊपर ही वह किराये के कमरे पर रहते हैं। बताया कि बुधवार को तड़के सुबह सवा तीन बजे वह सो रखे थे। इसी दौरान एक चोर कमरे में घुसा और वहां रखे बीस हजार रुपये और स्मार्ट फोन चोरी कर ले गया। चोर दुकान के ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

## एक नजर

### अधिक दाम वसूलने वाले व्यापारियों पर होगी सख्त कार्यवाही

नई टिहरी : तहसील प्रशासन नरेंद्रनगर, खाद्य आपूर्ति विभाग, बाट माप और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने व्यापारियों को कांवड़ यात्रा के दौरान समुचित व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत चौहान, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गरवीन चंद्र भट्ट, बाट माप निरीक्षक प्रदीप रतूड़ी, पूर्ति निरीक्षक विजय बहुगुणा, प्रदीप पंत ने ढालवाला, शिवपुरी, तपोवन, राम झूला, जानकी सेतु, नरेंद्रनगर, आगराखाल, खाडी आदि स्थानों पर स्थित पेट्रोल पंप, होटल, रेस्टोरेंट दुकान, ढाबों और भंडारों का निरीक्षण किया। कहा कि प्रत्येक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर रेट सूची अनिवार्य रूप से चस्पा होनी चाहिए। पेट्रोल पंपों में तेल का पर्याप्त स्टॉक, पीने के पानी की सुविधा, शौचालय व्यवस्था, सीसीटीवी उपलब्ध होने चाहिए। होटल, ढाबों में साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया जाए। कहा कि कोई भी व्यापारी अधिक दाम न वसूलें। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। (एजेंसी)

### नये छात्रों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय कमांद में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरियंटेशन कम इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. गौरी सेवक ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उन्होंने महाविद्यालय में नए छात्रों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने नए छात्रों को विषयवार प्राध्यापकों, पुस्तकालय, कार्यालय स्टाफ, एनएसएस, रोवर रेंजर, एंटी ड्रग, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, ग्रीव्यांस सेल, करियर काउंसिल, क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं ढांचागत सुविधाओं से परिचय कराया। चीफ प्रॉक्टर डा. दीपक राणा ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कॉलेज यूनिफॉर्म, 75 प्रतिशत उपस्थिति, अनुशासन, एंटीरैगिंग, क्रीड़ा, एबीसी आईडी, ऑनलाइन क्लासेज, स्मार्ट क्लास पीटीए इत्यादि से अवगत कराया। डॉ. बीना रानी ने सांस्कृतिक क्लब, महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ, स्कॉलरशिप, कॉलेज प्रकाशित होने वाली वार्षिक पत्रिका अंजुली के बतौर संपादक उन्होंने पत्रिका की खूबियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। डा. प्रवीन ने एनएसएस, रोवर रेंजर, करियर काउंसलिंग के बारे विस्तारपूरक बताया। डा. मनोज कुमार ने परीक्षा, एंटीड्रग, नशामुक्ति के बारे में बताया। प्रधान सहायक केदार भट्ट ने ऑफिस की सुविधाओं के बारे में बताया, कनिष्ठ सहायक सोहन सिंह ने बोनाफाइड के बारे में अवगत कराया। पुस्कालय लिपिक पूजा रानी द्वारा पुस्तकों के आदान-प्रदान के नियमावली से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में नव प्रवेशित छात्रों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण के आस-पास पौधरोपण किया गया। इसके बाद मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। (एजेंसी)

### हंगामेदार रही जन सुनवाई, अधिकारियों ने कहा नियमानुसार मिलेगा मुआवजा

चमोली : ग्वालदम से सिमली तक राष्ट्रीय राजमार्ग 109 का चौड़ीकरण होना है। जिसके तहत थाला, लोल्टी, थराली, सुनला, कुलसारी के प्रभावितों की जन सुनवाई कार्यक्रम तहसील थराली में आयोजित किया गया। उप जिला अधिकारी थराली अबरार अहमद और बीआरओ के कमान अधिकारी मनोहर कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सैकड़ों प्रभाहित जन सुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे।

बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि जब तक लंबे अरसे से व्यापार कर रहे लोगों तथा किराएदारों को उचित मुआवजा नहीं मिल जाता। तब तक किसी को प्रभावित न किया जाए। जन सुनवाई काफी हंगामेदार रही। लोगों ने बीआरओ पर आरोप लगाया पहले रोड चौड़ीकरण के दौरान कई स्थानों पर दीवारों का निर्माण नहीं किया गया तथा कई गांव इससे प्रभावित हुए है।

### हरेला के उपलक्ष्य में पछुवादून में जगह-जगह रौपे पौधे

विकासनगर। पछुवादून में इन दिनों हरेला पर्व के उपलक्ष्य में जगह-जगह पौधरोपण किया जा रहा है। सामाजिक संस्थाए, शैक्षणिक संस्थान, राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोग पौधे रोप कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ले रहे हैं। शुक्रवार को महर्षि अरविंदो घोष इंटर कॉलेज डाकपत्थर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने फलदार पौधे रोपे।

प्रधानाचार्य अरुण डबराल ने कहा कि वृक्ष वसुंधरा के सौंदर्य और चराचर जगत के जीवन का आधार हैं। भारतीय संस्कृति के उत्सव, त्योहार वृक्षों को समर्पित हैं।

# कन्या जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण किया जाए

विकासनगर। नगर पंचायत सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण हजारों परिवार यहां पर निवास कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा प्राइवेट जूनियर हाईस्कूल व एक राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूल नगर क्षेत्र में है, लेकिन इतने स्कूलों से निकलने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एकमात्र इंटर कॉलेज है। जिसके कारण छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाता और उन्हें पढ़ने के लिए बहार जाना पड़ता है। नगरवासियों ने इस समस्या के समाधान के लिए कन्या जूनियर हाई स्कूल का उच्चीकरण की मांग की है। क्षेत्रवासियों की मानें तो इंटर कॉलेज की स्थिति इतनी खराब है कि मानकों के विपरीत जाकर हाई स्कूल और इंटर में तीन-तीन सेक्शन चलाए जा रहे हैं। ताकि क्षेत्र के बच्चों को परेशानी न हो। उसके बाद भी कई छात्र-छात्राओं का प्रवेश कॉलेज में नहीं हो पा रहा है। नगरवासी संजय सहगल, राजकुमार, राम अवध, दिनेश राणा, पंकज शर्मा, सुधीर रावत रीना रावत, मधु देवी, जेसिका अग्रवाल, माया नेगी ने कन्या जूनियर हाई स्कूल के उच्चीकरण की मांग की है। कहा कि कन्या जूनियर हाई स्कूल का उच्चीकरण हो जाता है तो नगर क्षेत्र की जो छात्राएं बाहर पढ़ने जा रही हैं वह अपने ही नगर में पढ़ पाएंगी।विधायक प्रतिनिधि अनिल नौटियाल ने कहा कि एकमात्र इंटर कॉलेज होने के कारण व औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण जनसंख्या घनत्व लगातार बढ़ता जा रहा है छात्रों की संख्या हर वर्ष कॉलेज में बढ़ती जा रही है। प्रवेश न मिलने के कारण छात्रों को प्रेम नगर, रामपुर,भाऊवाला जाना पड़ता है।

## एक साल में 50 किलोमीटर ही डामरीकरण कर पाया एनएच

विकासनगर। त्यूणी चकराता-मसूरी राष्ट्रीय राजमार्ग जौनसार-बावर की लाइफ लाइन कही जाती है, लेकिन एनएच डोईवाला डिवीजन की हीलाहवाली के कारण इस मार्ग का डामरीकरण नहीं हो पाया है। एक साल पहले सड़क के डामरीकरण के लिए 19 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, लेकिन एक साल में एनएच पचास किमी का ही डामरीकरण कर पाया है। सड़क की हालत खस्ता बनी हुई है। ऐसे में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले वर्ष चकराता से लोखंडी तक हुए डामरीकरण कार्य में भारी अनियमितता के चलते स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्य रुकवा दिया था। एनएच अधिकारियों ओर कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते लोखंडी से रोहटा खड़ के बीच सड़क की दशा खस्ताहाल बनी हुई है।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं का लाभः सुरेश भट्ट

देहरादून। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखण्ड के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट जी ने शुक्रवार को जनपद देहरादून में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री भट्ट ने जनपद में अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद देहरादून के समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधीक्षकों व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।




बैठक में मा0 उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट जी ने कहा कि समुदाय स्तर पर आयुष्मान कार्ड तथा उसके अंतर्गत मिलने वाले पैकेज व सूचीबद्ध चिकित्सालयों की सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। आशा कार्यकत्रियां समुदाय स्तर पर मुख्य स्वास्थ्य कार्यकत्री हैं, उनके कार्य से संबंधित इंसेंटिव समय पर निर्गत करें।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा जन औषधि केन्द्रों में उपलब्ध दवाओं को बढ़ावा देना चाहिए जो कि जनहित में है। स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी जनज न तक जानी चाहिए, जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति इसका लाभ ले सके। स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों और धरातल पर स्वास्थ्य सेवाओं में समानता होनी चाहिए। लाभार्थियों की संतुष्टि ही सबसे बेहतर आंकड़े हैं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० संजय जैन द्वारा श्री सुरेश भट्ट जी का स्वागत किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन0एच 0एम0 डॉ० निधि रावत ने कार्यक्रमवार सभी योजनओं की प्रगति से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया।

# खेल मंत्री रेखा आर्या ने की विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक

देहरादून। खेल मंत्री ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों की अधिकारियों के साथ आज विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार पहाड़ी जनपदों में भी राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु व्यवस्था करने के क्रम में पिथौरागढ़ में बॉक्सिंग तथा टिहरी झील में वॉटर स्पोर्ट्स का आयोजन किये जाने हेतु समीक्षा की गई है तथा इन खेलों के सफल आयोजन हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर किये जाने वाले पीएमयू की टेंडर प्रक्रिया तथा अन्य कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जी-20 तथा इन्वेस्टर समिट की तरह ही राष्ट्रीय खेलों का भी सफल आयोजन कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।



मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा बरसात को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है कि राज्य में होने वाले राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन न कराते हुए राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें खिलाड़ी अनुभवी प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

खेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में 34 विद्याओं के अलावा करांटे, योगा, मलखम, स्पीड क्लाईम्बिंग आदि स्थानीय खेलों के साथ ही अन्य स्थानीय खेलों का परीक्षण करने तथा उन्हें राष्ट्रीय खेलों में सम्मिलित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

## पछुवादून में झमाझम बारिश से मौसम सुहाना

विकासनगर। शुक्रवार सुबह-शाम चकराता में कोहरा छाया रहा। उधर पछवादून क्षेत्र में एक घंटा हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। शुक्रवार सुबह चकराता में घना कोहरा छाया रहा जो अपराह्न 11 बजे छंट गया। जिसके बाद कुछ देर धूप खिली व शाम तीन बजे से दोबारा कोहरा छाना शुरू हो गया। कोहरा छाए रहने के कारण विजिबिलिटी भी 100 मीटर से कम रही। जिससे वाहन चालकों को वाहन चलाने में दिक्कत आई। दिन के समय भी हेडलाइट ऑन कर वाहन सड़कों पर चलते नजर आए। उधर पछवादून क्षेत्र में शाम पांच बजे बारिश शुरू हुई। लगभग एक घंटे तक हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया व लोगों को उमस से भी राहत मिली। बारिश में कई बच्चे नहाते नजर आए। शुक्रवार को चकराता का अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम 18 डिग्री पर रहा व विकासनगर में 32 डिग्री तक पहुंचा।

# चंडीगढ़ रोड पर जंगल में रोते मिले बच्चे के माता पिता की तलाश

देहरादून। चंडीगढ़ रोड स्थित काला आम के घने जंगल में 17 जुलाई की रात 11 बजे रोते हुए मिले डेढ़ साल के बच्चे को सुरक्षित देहरादून के केदारपुरम स्थित शिशु निकेतन में रेस्क्यू किया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति, राजकीय शिशु सदन व जिला प्रोबेशन अधिकारी उक्त बच्चे के माता पिता का पता लगाने को भरसक प्रयास कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई की रात्रि करीब 11 बजे मंगूराम और संसार दास निवासी नोगली खाखरोला शिमला हिमाचल से पांवटा साहिब होते हुए देहरादून की ओर आ रहे थे, कि चंडीगढ़ रोड पर कालाआम के पास सड़क पर उन्हें एक छोटा बच्चा दिखा। जो बुरी तरह रो रहा था। उसके आसपास कोई नहीं था। उन्होंने दो घंटे तक वहीं मौके पर परिजनों का इंतजार किया, जब कोई नहीं आया तो उन्होंने उक्त अज्ञात बालक को उठा लिया और गूगल सर्च कर दून के बिंदाल पुल स्थित बाल वनिता आश्रम में ले आए। इसी दौरान बाल वनिता आश्रम संचालकों ने चाइल्ड लाइन को भी इसकी सूचना दे दी। चाइल्ड लाइन द्वारा उक्त बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से समिति के आदेश पर उसका मेडिकल करवाकर राजकीय शिशु सदन/बाल गृह केदारपुरम देहरादून में प्रवेश दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट ने बताया कि बच्चा स्वस्थ है और लगातार उसके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि घटना के तीसरे दिन भी बच्चे के माता पिता का पता नहीं चला है। चंडीगढ़ रोड की उक्त लोकेशन के आसपास के थाना क्षेत्र में भी सूचना भिजवाई गई है व बच्चे का फोटो जारी किया गया है।

# लो वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों ने यूपीसीएल दफ्तर घेरा

विकासनगर। तेलपुर की आदर्श कॉलोनी में आए दिन लोग लो वोल्टेज और जंपर उड़ने की समस्या से परेशान हैं। आरोप है कि कई बार बिजली अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद भी समस्या का समाधान न होते देख शुक्रवार को लोगों ने यूपीसीएल कार्यालय का घेराव किया। यूपीसीएल कार्यालय पहुंचे लोगों ने कहा कि प्रचंड गर्मी का प्रकोप है। बावजूद इसके बिजली से लेकर पेयजल संकट से परेशान हैं। वोल्टेज ऐसा कि पंखे-कूलर, एसी से लेकर नलकूप तक हांफने लगे हैं। भीषण गर्मी में त्राहि-त्राहि मच रही है। जिम्मेदार अधिकारी समस्या का समाधान करने में पूरी तरह असफल नजर आ रहे हैं। परेशान लोगों ने एसडीओ को बताया कि लो वोल्टेज के चलते भीषण गर्मी में कूलर, पंखा, एसी, फ्रिज कुछ भी काम नहीं कर रहे हैं। इससे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने बताया कि लंबे समय से चल रही इस समस्या को लेकर कई बार यूपीसीएल अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लो वोल्टेज के कारण इनवर्टर भी ठीक से चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। इससे उमस में बहुत दिक्कत उठानी पड़ रही है। वहीं सुबह पानी को लेकर भी गंभीर स्थिति बनी हुई है। घेराव करने वालों में नारायण दत्त जोशी, चतर सिंह चौहान, संजय, नीलम, सुमित्रा, कृष्णा, किरन, मीना, प्रीति, मुकेश तोमर, नारायण सिंह राणा, प्रेम सिंह, जोगेंद्र रावत, साक्षी खन्ना, धन सिंह, शूरवीर सिंह, विक्रम सिंह, राजेंद्र चौहान, इंद्रा आदि शामिल रहे।

## किसानों को फलदार पौधे बांट रहा उद्यान विभाग

विकासनगर। किसान औद्यानिक निवेश योजना के तहत उद्यान विभाग किसानों को फलदार पौध के साथ ही सेब के लिए पेटी उपलब्ध कराएगा। वर्तमान में विभाग को किसानों को आम, अमरूद, नाशपाती, नींबू के पेड़ बांट रहा है। इससे किसानों को काफी फायदा मिलेगा। त्यूणी क्षेत्र के गर्म इलाके अटाल, अणु, चाजोई, डिमीच, चांदनी, संसू, मेनदरथ, हनोल, मझोग, कढग, निमगा, केराड़, कांडा, टियूटाड, चिलहाड़, शटगधार, दारमीगाड़ आदि गांवों के किसानों को विभाग की ओर से चार हजार फलदार पौध बांटे गए। सचल दल केन्द्र प्रभारी इंदू भूषण कुमोला ने बताया कि आधार कार्ड, उद्यान कार्ड, किसान का फोटो जमा करने करने पर ही सेब पेटी मिल पाएगी।

# डीएम अध्यक्षता में हुई ऋषिकेश में कांवड़ यात्रा तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता स्वर्ण जयंती सभागार नगर निगम ऋषिकेश में कांवड़ यात्रा तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने यात्रा की तैयारियों को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत अधिकारियों के साथ आईडीपीएल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं बनाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम को सफाई व्यवस्था, पार्किंग स्थल चिन्हित करते हुए, मोबाईल शौचालय, स्थापित करने, नगर निगम क्षेत्र में झाड़ी कटान के निर्देश दिए। वन विभाग यात्रा मार्ग पर वन क्षेत्र अन्तर्गत सड़क पर प्रकाश व्यवस्था एवं जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु इंतजाम




करने के निर्देश दिए । स्वास्थ्य विभाग विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य टीम बैठाने, दवाई की व्यवस्था, एंबुलेंस तैनात रखने के निर्देश। जलसंस्थान पेयजल आपूर्ति तथा शोचालयों में पर्याप्त जल की व्यवस्था, विद्युत विभाग पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, लोनिवि सड़कों को गढ़ामुक्त करने, सड़क पर पैच वर्क, पुलों की मरम्मत, परिवहन विभाग ओवर लोडिंग, ओवर रेटिंग पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग घाटों की सफाई विभाग को घाटों की सफाई, चौन लगाने, चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी दुकानों रेस्टोरेंट खाने की गुणवत्ता की जांच के साथ ही रेटलिस्ट चस्पा हो। आईडीपीएल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईडीपीएल में पार्किंग व्यवस्था एवं हेल्थ सेंटर बनाने के साथ ही समुचित कावड़ यात्रा स्थल पर सीसी टीवी कैमरे, लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आईडीपीएल में विद्युत व्यवस्था , प्रकाश व्यवस्था बनाने के साथ ही जिला पंचायत को झाड़ी कटान के निर्देश दिए।

# जलभराव की समस्या को लेकर लोगों ने लोनिवि अफसरों का घेराव किया

विकासनगर। बरसात के दौरान साहिया-समाल्टा मोटर मार्ग का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे घरेलू सामान बर्बाद हो जाता है। लोग ने कई बार लोक निर्माण विभाग से इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। इससे गुस्साए लोगों ने शुक्रवार को लोनिवि कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों का घेराव किया।इन दिनों हो रही बारिश से लोगों के घरों में सड़क का गंदा पानी घुस रहा है। तेज बारिश होने पर घरों के अंदर तीन-तीन फीट से अधिक पानी भर जाता है, जिससे कीमती घरेलू सामान बर्बाद हो रहा है। जलभराव की समस्या से परेशान स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को लोक निर्माण कार्यालय पहुंच कर संबंधित अधिकारियों का घेराव किया। जिसके बाद अधिकारी मौके पर स्थलीय




निरीक्षण करने पहुंचे। प्रभावित लोगों ने बताया कि बीते पांच साल से यह समस्या बनी हुई है। समस्या का समाधान होने के बजाय साल दर साल बढ़ती जा रही है। मार्ग किनारे के आवासीय मकानों में बारिश के दौरान पूरे दिन भी जलभराव रहता है, जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस बरसात में ही अभी तक घरेलू सामान बर्बाद होने से हजारों का नुकसान हो गया है। लेकिन लोनिवि समस्या के समाधान को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

# धाद ने शुरू किया स्कूलों में हरेला का कोना अभियान

देहरादून। हरेला माह के अंतर्गत चलाये जा रहे अभियान में धाद ने हरेला का कोना अध्याय शुरू किया। जिसमें शासकीय स्कूलों में पौधों को लगाने और उनके संरक्षण के लिए सामाजिक सहयोग को आधार बनाया जाएगा क राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मेंहुवाला माफी में हरेला के दो कोने सहारनपुर के व्यवसायी जुगल किशोर जुगरान के सहयोग से स्थापित किये गए क इसके साथ ही अमोल सक्सेना की ओर से दो किताबों के कोने भी स्थापित किये गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मांगल गीतों द्वारा किया गया क कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने कहा कि आजकल की व्यस्त दिनचर्या में हम प्रकृति को भूलते जा रहे हैं ऐसे में हमारे हरेला और फूलदेई जैसे प्रकृति से जुड़े त्यौहार और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं क यहां की प्रकृति और संस्कृति को जीवित रखना हम सबका कर्त्तव्य है क इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को लोक गीत व लोक नृत्य भी सिखाए। धाद स्मृति वन की सचिव नीना रावत ने हरेला पर धाद द्वारा विगत कुछ वर्षों में विकसित स्मृति वन, बाल वन, मित्र वन और पुष्प वन की जानकारी साझा की। कोना कक्षा के संयोजक गणेश उनियाल ने बताया कि संस्था हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरे हरेला माह यानी घी-संक्रांति तक रोज विभिन्न स्थानों पर हरेला का संदेश देगी और पौधारोपण करेगी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी पयाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सम्पूर्ण विकास और प्रकृति से जुडाव के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com